38468 - शहर में एक से अधिक ईद की नमाज़ का आयोजन

प्रश्न

इस्लामी संगठन ईदैन की नमाज़ के आयोजन के लिए एक बड़ा हॉल किराए पर लेती है। तो क्या इस हॉल से लगभग तीस मील की दूरी पर, एक समूह के लिए अपनी मस्जिद में ईद की नमाज़ को स्थापित करने की अनुमति है? ध्यान रहे कि परिवहन के साधन उपलब्ध हैं। तथा क्या बेहतर यह है कि अधिकांश मुसलमानों को ईद की नमाज़ के लिए हॉल में इकट्ठा किया जाए, बजाय इसके कि वे एक से अधिक जमाअत क़ायम करें?

विस्तृत उत्तर

यदि आप लोगों के लिए एक साथ इकट्ठा होना संभव है तो यह सबसे अच्छा है। और अगर उनके लिए ऐसा करना मुश्किल है, तो उनके लिए अपने उसी शहर में नमाज़ पढ़ने में कोई रुकावट नहीं है जो ईदैन की नमाज़ के आयोजन के स्थान से तीस किलोमीटर या ऐसा ही दूर है, जिसके होते हुए एकत्रित होना कठिन है।

और अल्लाह तआला ही तौफीक़ प्रदान करनेवाला है।